कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 24.03.2022

गर्ल्स कॉलेज में कॅरियर गाइडेंस पर व्याख्यान आयोजित

(संकल्प और प्रयास से ही मिलती है सफलता)

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में रोजगार मार्गदर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत भिलाई की संस्था आईसीएस एकेडमी के द्वारा विभिन्न रोजगार के अवसर पर व्याख्यान सत्र आयोजित किया गया।

इस व्याख्यानमाला में महाविद्यालय की स्नातकोत्तर विज्ञान संकाय की छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर आईसीएस भिलाई शाखा के निदेशक रोहित खरे ने रेल्वे, बैंकिंग, एसएससी आदि अनेक प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होनें सरकारी नौकरी के लिए विज्ञापन से परीक्षा की तैयारी और साक्षात्कार के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि लगन और मेहनत तथा प्रयास से ही सफलता मिलेगी। विडियों के माध्यम से उन्होनें रोजगार के विभिन्न अवसरों पर प्रकाश डाला।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि छात्राओं को अपने भविष्य के लिए जागरूक हो जाना चाहिये। इस तरह के रोजगार मार्गदर्शन के कार्यक्रम विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये प्रेरित करते है।

वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये अपने को चुनौती देना जरूरी है तभी हम इसके लिये अपने को तैयार कर सकेंगे। उन्होनें कहा कि सामान्य ज्ञान की तैयारी प्रतिदिन करना चाहिये।

कार्यक्रम का संचालन करते हुये डॉ. ऋचा ठाकुर ने कहा कि महाविद्यालय की पढ़ाई के साथ ही अपने लक्ष्य के लिये निरंतर अध्ययन करना आवश्यक है। आईसीएस संस्था के निर्देशक श्री खरे ने बताया कि महाविद्यालय की छात्राओं से उनकी संस्था प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट देगी। साथ ही इस सत्र में सर्वोच्च अंक प्राप्त छात्रा को निःशुल्क कोचिंग प्रदान किया जायेगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)